तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 नगर पंचायत बेरला की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा



12 पूरा सत्र बीत गया लेकिन 1105 स्कूलों में शिक्षकों के...



## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## पर्व : जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद, निकाला गया जुलूस

# ईदगाह में हुई विशेष नमाज, एक-दूसरे से गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जुलूस में बड़े बुजुर्गों के साथ छोटे बच्चे भी आकर्षक पहनावे के साथ हुए शामिल

जिलेभर में मुस्लिमों का त्यौहार ईद उल फितर ज़िला मुख्यालय के शहर से लेकर अंचल में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बड़े बुजुर्ग व छोटे बच्चे आकर्षक पहनावे के साथ जुलूस में उत्साहित होकर शामिल हुए। अंचल के मुस्लिम भाइयों ने माहे रमजान के इस पवित्र माह में कड़ी धूप और गर्मी के बीच 30 रोजे(उपवास) रखकर पूरे माह कठिन इबादत की। उसके बाद मुस्लिम भाइयों ने सोमवार रेस्ट हाउस रोड स्थित ईदगाह में सुबह 9:00 बजे ईद की विशेष नमाज अदा कर एक दूसरे को गले मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान अन्य समुदाय के लोग भी ईदगाह पहुंचकर भाईचारा का संदेश देते हुए गले मिलकर ईद की बधाई दी। इससे पहले जिला मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय एकत्रित हुआ, वहां से जुलूस की शक्ल में शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए मोहभट्टा रोड स्थित ईदगाह पहुंचे। वहां मुस्लिम समाज के धर्मगुरु पेश इमाम साहब ने विशेष नमाज अदा कराई और देश दुनिया में अमन और शांति तथा हिंदुस्तान की तरक्की की दुआ की। इस दौरान नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं।





### मीठी सेवई व लजीज व्यंजनों का लिया आनंद

ईद के मौके पर हर वर्ग के साथ-साथ करीबी रिश्तेदार और दोस्तों ने मुस्लिम समुदाय के घरों में मीठी सेवई सहित लजीज व्यंजन का आनंद लिया। घरों पर गृहणियों ने परिवार के सदस्यों व अतिथि के लिए रात भर जाग कर विभिन्न प्रकार की सेवइयां, सिरमाल, छोले-भटोरे सहित कई व्यंजन तैयार किए। बच्चों की मांग पर पकवान बनाने में महिलाएं व्यस्त रहीं। वहीं, दिन भर भाईचारे का संदेश देते हुए सभी समुदाय के लोग अपने अपने परिचितों के यहां पहुंच कर ईद के त्यौहार की बधाई दिए और मीठी सेवई सहित अन्य स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया।



### नमाज बाद अल्लाह का शुक्र किया अदा

दरअसल ईद की नमाज को सादगी के साथ अदा करते हुए लोगों ने अपने मालिक अल्लाह का शुक्र अदा किया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर जहां मुबारकबाद दी वहीं इस दौरान देश की तरक्की ओर सलामती के साथ साथ अमन चैन की दुआ की गई। ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद वापस बाजार पारा स्थित जामा मस्जिद पहुंचे, जहां परचम कुशाई व सलातो सलाम पेश किया गया।

### इन क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

जिले के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में से ज़िला मुख्यालय के साथ चारों विकासखंड मुख्यालय नवागढ़, साजा, बेरला के अलावा अन्य नगरीय क्षेत्रों में थानखम्हरिया, परपोड़ी, देवकर, नांदघाट, मारो, दाढ़ी व ग्रामीण क्षेत्र में खण्डसरा, रांका-कठिया, सरदा, कोदवा, देवरबीजा-बीजा, बोरतरा, कोंगियाकला, मुंगलाटोल, बारगांव, खमतराई, हसदा, बासीन, मोहगांव सहित अनेक स्थानों पर ईद की विशेष नमाज अदा कर देश में अमन व शांति की दुआ की गई।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक छाबड़ा ने की तांदुला जलाशय से पानी छोड़ने की मांग



**बेमेतरा।** पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेरला विकासखंड में पानी को लेकर मची त्राहि त्राहि से निजात दिलाने के लिए कार्यपालन अभियंता तांदुला संभाग को पत्र लिखकर अतिशीघ्र जलाशय से बेरला विकासखंड के लिए तांदुला जलाशय से पानी छोड़े जाने को लेकर पत्र लिखा है। इससे आम जनता के पेयजल एवं निस्तार के लिए जल उपलब्ध हो सके। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि इससे पहले भी जिला कलेक्टर को अगाह करते हुए यह मांग की थी कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के एनिकेट के आसपास रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाई जाए, अन्यथा भविष्य में ▶▶| शेष पेज 13 पर

## बेमेतरा जिले में 27 पुलिस अधिकारियों का तबादला

■ कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने जिला पुलिस अधीक्षक ने जारी किया आदेश

**बेमेतरा।** जिले में पुलिस प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। इस फेरबदल में 27 पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें 4 निरीक्षक, 7 उप निरीक्षक और 16 सहायक उप निरीक्षक शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार कृष्णकांत सिंह को रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी बेरला, चंद्रदेव वर्मा को थाना साजा से खम्हरिया, रोशन लाल टोण्डे को रक्षित केंद्र से थाना दाढ़ी भेजा गया है। इसी तरह राकेश कुमार साहू को थाना बेमेतरा से थाना साजा, अलील चंद को नांदघाट से नवागढ़, भुनेश्वर यादव को दाढ़ी से नांदघाट भेजा गया है।

वहीं, सहायक उप निरीक्षक स्तर पर स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए उदलराम टाण्डेकर को थाना बेमेतरा से चौकी प्रभारी देवकर, आरएल. भास्कर को साजा (पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर) से चौकी प्रभारी देवरबीजा, संतोष ध्रुव को चौकी प्रभारी देवरबीजा से थाना साजा (बिरनपुर) स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, दो सहायक उप निरीक्षकों को थाने से रक्षित केंद्र भेजा गया है। इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस विभाग के अनुसार, इस नई व्यवस्था से जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि स्थानांतरण से पुलिसिंग में कसावट आएगी और जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

## नवागढ़ नगर पंचायत की बैठक कल

**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ परिषद की महत्वपूर्ण बैठक 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे नगर पंचायत सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में नगर पंचायत से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। बैठक के मुख्य एजेंडों में नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल की अस्थायी आपूर्ति व्यवस्था के लिए अनुमति, नाली सफाई एवं निकासी व्यवस्था से संबंधित मुद्दों की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत बीएलसी घटक के दिशा-निर्देश एवं पात्र हितग्राहियों के निर्धारण पर निर्णय, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जोनल टेंडर के लिए नवीनतम दर की स्वीकृति।

विधवा, वृद्धावस्था एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार, जैसे विषय शामिल हैं। इसके साथ ही पारिवारिक सहायता योजना से जुड़े आवेदनों पर समीक्षा एवं निर्णय सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा की जाएगी और इसमें नगर पंचायत के समस्त अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। नगर पंचायत के संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे बैठक में आवश्यक फाइलों के साथ उपस्थित रहें।

**गौरवपथ निर्माण पर विशेष फोकस :** नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने बताया कि नगर में बस स्टैंड से महामाया मंदिर तक गौरवपथ निर्माण की गुणवत्ता को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी। हाल ही में तालाब में गिरे वॉल सहित सम्पूर्ण निर्माण कार्यों की विस्तृत जांच पर चर्चा होगी। दोषी ठेकेदार एवं अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर विचार होगा।




## योग वेदान्त सेवा समिति ने किया पेयजल सेवा का शुभारंभ

# बस स्टैंड में खुला प्याऊ, राहगीरों को मिलेगा शीतल पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



योग वेदान्त सेवा समिति, नवागढ़ द्वारा नगर के बस स्टैंड में निःशुल्क पेयजल (प्याऊ) सेवा का शुभारंभ किया गया है। सेवा समिति के माध्यम से विगत 6 वर्षों से यात्रियों और राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध कराया जाता है।

इस वर्ष हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर इस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष सिद्धांत चौहान, योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष संजय साहू सहित समिति के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इस सेवा की शुरुआत समिति के वरिष्ठ सदस्य रामकरण साहू, बीरेंद्र साहू, तेज बहादुर, लक्ष्मण साहू, सालिक राम और दिलहरण साहू द्वारा की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य जनसेवा करना है, और इसी सोच के तहत यह प्याऊ सेवा वर्षों से संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष गर्मी के दौरान राहगीरों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। यह सेवा पूरी गर्मी के मौसम में जारी रहेगी, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के ऐसे कार्य आम जनता के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को जारी रखने की अपील की।

### स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की प्रतिक्रिया

इस पहल से स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने भी संतोष व्यक्त किया। बस स्टैंड पर रुकने वाले यात्रियों ने कहा कि गर्मी के दिनों में ठंडे पानी की यह सुविधा बहुत राहत देती है। वहीं, स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने समिति के इस कार्य की सराहना की और कहा कि समाजसेवा का यह भाव अन्य संगठनों के लिए भी प्रेरणा है।

### समिति की भविष्य की योजनाएं

योग वेदान्त सेवा समिति, नवागढ़ समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रही है और आने वाले समय में और भी जनहितकारी योजनाएँ शुरू करने की योजना बना रही है। समिति का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता, स्वच्छता जागरूकता, और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना भी है। इस सेवा के निरंतर संचालन और विस्तार के लिए समिति स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग और समर्थन की अपील करती है।

# अगले साल मिलेगी सिक्सलेन कारीडोर की सौगात, 28 फीसदी कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजनांदगांव के टेडेसरा से आरंग तक बनने वाली सिक्सलेन कारीडोर का कार्य तेजी से जारी हैं। ग्रीनफील्ड वाले सिक्सलेन लोहे के ग्रिल से लैस होगी। कुछ जगह छोडकर अन्य जगह कट का प्रावधान नही किया गया हैं। बहरहाल इस प्रोजेक्ट को 2025 में पूरा कर लिया जाना था। लेकिन अब इसे वर्ष 2026 के जून माह तक तैयार करने का टारगेट रखा गया हैं।

बहरहाल टेडेसरा से सिक्सलेन का कार्य पिछले दो माह से जारी है। यहां सडक का कार्य जारी होने से आवागमन को वनवे कर दिया गया हैं। रायपुर दुर्ग से नया रायपुर होकर आरंग तक जाने वाली 92 किमी से ज्यादा लंबी ग्रीनफील्ड सिक्सलेन सड़क का काम 30 जून 2026 तक पूरा हो जाएगा।

नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बताया कि, यह प्रोजेक्ट 3700 करोड रूपए की लागत से तैयार होगा। सडक के किनारो लोहे के ग्रिल से सडक पैक रहेगें। वहीं सडक किनारे वातावरण हरे-भरे रखे जाएंगे। ग्रीनफील्ड वाले इस हाईवे में मवेशियों की एंट्री नही होने से हादसे पर लगाम रहेगा।

## टेड़ेसरा से आरंग तक सिक्सलेन का कार्य तेजी से जारी

### कारीडोर का 28 फीसदी हिस्सा बन चुका

विगत दिनों लोकसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल के तारांकित प्रश्न के उत्तर में बताया कि, दुर्ग से आरंग तक 92.23 किलोमीटर लंबे 6-लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण कार्य अभी जारी है। दुर्ग जिले में यह सड़क 40.70 किलोमीटर की बन रही है। इसका 28.55 फीसदी हिस्सा बन चुका है, इसलिए इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की संशोधित तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है।



### टोल नाके का भी होगा प्रावधान

प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि, दुर्ग से आरंग तक चार टोल नाका बनेगें। इसमें टेडेसरा के एंट्री पर और फुंडा, अभनपुर और आरंग को शामिल किया गया हैं। इस सड़क पर दो स्थानों दुर्ग-बालोद सटे हाइवे-7 में सीएसआईटी दुर्ग के पास और दुर्ग-पाटन से सटे हाइवे-22 में फुंडा गांव के पास कनेक्टिंग, एप्रोच रोड इंटरचेंज की सुविधाएं देने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा अभी किसी अन्य जगह पर कनेक्टिंग, एप्रोच रोड अथवा इंटरचेंज की सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। बहरहाल दुर्ग में दर्जनभर गांव में अधिग्रहण की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण कार्य में तेजी नही आ पाई हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि, दुर्ग से आरंग तक चार जगह टोल नाका बनाए जाएंगे।

---

## खबर संक्षेप



### दुर्ग आइडल की घोषणा से संगीत प्रेमियों में हर्ष

दुर्ग। शहर में संगीत प्रेमियों के लिए पुनः दुर्ग आइडल कराए जाने महापौर की घोषणा का छत्तीसगढ़ मंच एवं शहर के समस्त गायक कलाकारों एवं संगीत प्रेमियों ने स्वागत करते हुए महापौर श्रीमती अल्का बाघमार सभापति श्याम शर्मा एवं सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन एवं पार्षदों के प्रति आभार जताया है। छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन एवं कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने विगत दिनों महापौर से मिलकर शहर में दुर्ग आइडल गायन प्रतियोगिता करवाने की मांग की थी जिस पर महापौर ने उक्त मांग पर सहमति जताते हुए आश्वासन दिया था। महापौर ने दुर्ग आइडल कराए जाने की घोषणा की है। विदित हो कि भूतपूर्व महापौर श्रीमती चंद्राकर के कार्यकाल में दुर्ग आइडल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। जिसमें दुर्ग शहर के सभी वार्डो से गायक कलाकारों ने भाग लिया था। जिससे शहर के संगीत प्रेमियों को नगर निगम के माध्यम से एक बेहतरीन अवसर व मंच प्रदान हुआ था। शहर के समस्त संगीत प्रेमियों एवं नागरिकों ने कार्यक्रम को काफी सराहा था और यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया हिंदू नववर्ष



दुर्ग। सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में भगवा ध्वज पूजन कर विद्यालय के शिखर में स्थापित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा तथा आचार्य, दीदीगण उपस्थित थे । पूजन शंखनाद करते हुए एक दूसरे को उत्साह पूर्वक नव संवत्सर की बधाई दी गई। ज्ञात हो कि नव संवत्सर के अवसर पर विद्यालय को तोरण, रंगोली आदि से सजाया गया है।

### महापौर ने चैत्र नवरात्र की दी बधाई



दुर्ग। हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि प्रथम दिन महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 14 सिकोलाभाठा स्थित माँ शीतला मंदिर में ज्योति कलश का दर्शन कर शहर व प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने चैत्र नवरात्र, हिन्दू नववर्ष पर शहर एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शशि साहू, पार्षद सुरुचि उमरे, ललित ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, पूर्व पार्षद अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा, पूर्व पार्षद शंकर ठाकुर मौजूद रहें।

---

**समस्या : सिर्फ कागजों में हो रही गुणवत्ता सुधार का प्रयास**

# पूरा सत्र बीत गया लेकिन 1105 स्कूलों में शिक्षकों के हजारों खाली पद नहीं भरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एकतरफ जहां राज्य शासन स्कूलो में शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने का दावा कर रही हैं, वही जिले में शिक्षको के पदों में जबरदस्त कमी बनी हुई है। हालात यह हैं कि, कई स्कूलो में एक या दो शिक्षक के उपर पढाई का पूरा बोझ है। इसके बाद भी रिक्त पदों पर भर्ती नही की जा रही है। यही कारण है कि, पिछले साल राज्य की मेरिट सूची में दसवी में चार और बारहवी से सिर्फ एक ही छात्रा ने ही जगह बनाई थी। वर्ष 2024 25 का पूरा सत्र बीतने को है इसके बाद भी खाली पद नहीं भरे गए।

पिछले दिनों मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति किया गया था। इसके बाद से प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों की और भी कमी हो गई है। मिली जानकारी अनुसार प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकंड्री के जिले में 1105 स्कूल संचालित हो रहे है। यहां 6470 पद स्वीकृत है। जिसमें 5330 शिक्षक ही कार्यरत है। जबकि 1140 शिक्षको की कमी है। जिसमें एक लाख 61714 बच्चों अपना भविष्य शिक्षको की कमी के बीच गढ रहे है। इन स्कूलों में 1140 शिक्षको की कमी विगत कई सालों से बनी हुई है। शिक्षको की कमी के कारण स्कूलो में गुणवत्ता सुधार में कोई खास परिवर्तन नही आ रहा है। भले ही राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित की जा रही हो, लेकिन इसका भी कोई खास प्रभाव इन दो सालों में नही दिख रहा है। यही कारण हैं कि शिक्षको के रिक्त पदों में भर्ती की मांग लगातार उठ रही है। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा कई व्याख्याता शिक्षको को मुख्यालय में अटैचमेंट कर रखा गया है।

## स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की उठ रही मांग, सालों से पद खाली

**खास बातें**

- मापदंड में प्रत्येक 35 बच्चों पर एक शिक्षक होना जरूरी
- जिले में पिछले लंबे समय से स्कूलों में भर्ती का अभाव
- 6470 पद है स्वीकृत
- 5330 शिक्षक ही कार्यरत



### प्राचार्य और प्रधान पाठक की भी कमी

जानकारी अनुसार प्रायार्य के 147 पदों में सिर्फ 92 कार्यरत है। इसी तरह व्याख्याता के 1353 पदों में सिर्फ 1189 है। वही प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के 315 पद में 249 कार्यरत हैं। वही शिक्षक के 1778 में 1733 कार्यरत है। वही प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल के 568 पदों में 445 कार्यरत है। इसी तरह सहा शिक्षक एलबी के 1953 में 1495 कार्यरत है। सहायक विज्ञान व सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाल के 271 में 122 और ग्रंथपाल के 85 पद में सिर्फ 5 पर कार्यरत है। यह प्राथमिक से लेकर हायर सकेंड्री तक की स्थिति है।

### खोल दिए आत्मानंद, यहां भी शिक्षक नहीं

राज्य शासन द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल दिया गया है। लेकिन यहां भी स्वीकृत पद और बच्चों के संख्या अनुसार शिक्षको की कमी रहने से कहां तक गुणवत्ता में सुधार आएगी। जानकारी अनुसार जिले में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के जिले में 52 स्कूल संचालित है। इसमें 1700 पद स्वीकृत किए गए है। लेकिन कार्यरत सिर्फ 1240शिक्षक है। इस तरह हिन्दी मिडियम में 138 और अंग्रेजी में 271 पद रिक्त है। हांलाकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना हैं कि, रिक्त पदों के लिए प्रतिनियुक्ति व संविदा के जरिए पूर्ति की जा रही है। जिसका सत्यापन जारी है।

---

# युवा संसद महोत्सव में दीपांशु प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित युवा संसद महोत्सव 2025 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विधान सभा में संपन्न हुआ। आयोजन में विभिन्न जिलों से 140 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता का विषय संविधान के 75 वर्ष अधिकार कर्तव्य और प्रगति की यात्रा था। इस विषय पर प्रत्येक प्रतिभागी को 3 मिनट में अपने विचार प्रस्तुत करना था। दीपांशु ने बड़ी प्रखरता के साथ अपनी बात रखी जिसके कारण उन्हें इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने उनके इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी अग्रिम शुभ कामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो जनेन्द्रकुमार दीवान एवं जिला नोडल अधिकारी प्रो तरुण कुमार साहू ने बताया कि छग वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं पद्मश्री अनुज शर्मा और खेल और युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा दीपांशु को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। दीपांशु राष्ट्रीय स्तर संसद भवन में होने वाले युवा संसद महोत्सव 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय परिवार सहित वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ एसएन झा, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ एके पाण्डेय, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ राकेश तिवारी, डॉ ज्योति धारकर , सुदेश कुमार साहू ने दीपांशु को बधाई दी हैं।

---

# पोलसायपारा में बनेगा सामाजिक भवन, किया गया भूमिपूजन



दुर्ग। वार्ड 27 पोलसाय पारा में विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से सामुदायिक भवन बनेगा जिससे यहां होने वाले धार्मिक सामाजिक आयोजनो में बैठक व्यवस्था में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने दुर्ग के अन्य सामुदायिक भवनो को दुरुस्त करने कहा है ताकि जरूरत पड़ने पर लोग भवन का उपयोग कर सके। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की वार्ड 27 पोलसाय पारा में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण करने महापौर अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा के साथ भूमिपूजन किया। इस दौरान उपस्थितजन को सम्बोधित करते हुए महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, अब दुर्गवासियों को विकास को लेकर चिंता की कोई बात नहीं दुर्ग निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार आ गई है। दुर्ग में विकास के नये आयाम बनाने काम किया जायेगा। कार्यक्रम में एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, नरेंद्र बंजारे, शिव नायक, ज्ञानेश्वर ताम्रकार पार्षद कुलेश्वर साहू, लीलाधर पाल, गोविन्द देवांगन, श्रीमति शशि द्वारिका साहू, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, विनोद चंद्राकर, संभव जैन, राकेश देवांगन, जीतेन्द्र देवांगन सहित बड़ी संख्या वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि पर निकाली प्रभात फेरी



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के संत आशाराम बापू समिति द्वारा प्रभात फेरी हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग से निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से सभी ग्राम वासियों को हिन्दू नववर्ष की शुभकामना दी गई। प्रभात फेरी में हरिनगर के अलावा और भी जगह से सैकड़ों की संख्या में साधक भाई और बहन शामिल थे। समिति द्वारा बताई गई की विश्व सेवा दिवस के रूप में संतआशारामजी बापू का अवतरण दिवस के निमित्त जगह जगह शर्बत वितरण 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक की जायेगी और 19 अप्रैल को अवतरण दिवस बेलौदी आश्रम दुर्ग में धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रभात फेरी कार्यक्रम के अंत में आरती प्रसादी के बाद युवा सेवा संघ का पुनः गठन हुआ। जिसमें युवा सेवा संघ के प्रमुख शिवा साहू को भिलाई दुर्ग संघ का प्रमुख बनाया गया।साथ में सभी को पदभार भी दिए गए।

# विकासखंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खेलगांव खम्हरिया के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विकासखंड दुर्ग के अंतर्गत खेलगांव खम्हरिया में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- लंगड़ी दौड़, रस्सीकूद, गेड़ी, फुगड़ी, भौंरा आदि की हुई स्पर्धा

इस आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुलारी देशलहरे सरपंच ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया एवं अध्यक्षता टीकाराम साहू उपसरपंच खम्हरिया, विशेष अतिथि बी.आर.साहू (अंतराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी) पंच हामीन साहू ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में 14 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक -बालिका ने लंगड़ी दौड़, रस्सीकूद, गेड़ी, फुगड़ी, भौंरा, फुगड़ी एवं संखली खेल में भाग लिया।इस आयोजन में 65 बालक एवं 35 बालिका - 100 खिलाड़ी एवं 8 आफिसीयल समेत कुल 108 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



### सभी विजेताओं का अतिथियों द्वारा पुरस्कृत

प्रतियोगिता में भौंरा खेल में खम्हरिया का साहिल प्रथम रहा तो वहीं, बालिका वर्ग से खम्हरिया की गीतिका ठाकुर प्रथम स्थान पर रही। रस्सीकूद में खम्हरिया के आकाश साहू प्रथम स्थान पर रहे, बालिका वर्ग से खम्हरिया की डॉली साहू से प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक फुगड़ी में प्रथम स्थान पर नीरज कुमार-पाऊवारा, बालिका-प्रथम-ट्रिपाली पटेल खम्हरिया रही। साथ ही बालक लंगडी दौड़ में प्रथम-वैभव कुमार, युगल किशोर-पाऊवारा, बालिका-प्रथम-हर्षिता देशलहरे रही। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को समस्त अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### खेल युवा कल्याण विभाग की पहल

निर्णायको में तरूण यादव-पीटीआई दीपशिखा विद्यालय उतई, खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग के भरतलाल ताम्रकार (खेलो इंडिया कोच दुर्ग), भूपेंद्र कुमार हिरवानी (एनआईएस कोच), दुष्यंत साहू (सहायक क्रीड़ा अधिकारी अर्जुनी राजनांदगांव) हिमांशु टंडन, नवीन यदु खेल प्रशिक्षक निकुम रहे। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदीप कुमार भुवाल, योगेश्वर विश्वकर्मा, मोनेष निषाद, दुर्लभ टंडन, तरुण देशमुख, युगल किशोर साहू, संजय साहू, कविता देशलहरे, मोना साहू, कमलेश्वरी डहरे (बीपीएड) कुणाल देवांगन, यश गंधर्व, दुर्गेश सिंह राजपूत एवं समस्त ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस पुरे कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजन प्रभारी बालकदास डहरे (पीटीआई सेजस फरीदनगर) एवं आभार व्यक्त प्रदीप कुमार भुवाल खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग ने किया।

---

**ग्रामीण विधायक ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की सौंपी चाबी**

# पीएम आवास योजना की चाबी सौंपकर कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कोलिहापुरी पंचायत भवन में महागृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दिन का महत्व हिंदू नववर्ष,

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घरों में हुआ प्रवेश

चैत्र प्रतिपदा और नवरात्रि के शुभ अवसर पर और भी बढ़ गया। हजारों ग्रामीण परिवारों ने अपने नवनिर्मित पक्के घर में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दस लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से मकान की चाबी सौंपी और दस अन्य हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान बताया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि घर हर व्यक्ति का सपना होता है और यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए लाखों गरीब परिवारों के लिए साकार हो रहा है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वाधिक आवासों का निर्माण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह प्रदेश के विकास और इस योजना की प्रभावशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार मिलकर गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लगातार काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने न केवल गरीबों को घर दिया, बल्कि महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू कीं, जैसे उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, और अन्य योजनाओं के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाया



### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी इस अवसर पर सभी हितग्राहियों को गृह प्रवेश की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन उन परिवारों के लिए है, जो अब अपने पक्के घर में रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में अब तक की गई प्रगति का विवरण दिया। कलेक्टर ने बताया कि अब तक 9203 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, 5537 आवासों को पहली किश्त और 4409 आवासों को दूसरी किश्त मिल चुकी है। 2313 आवास पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों का पक्का घर अभी तक नहीं बन पाया है, वे अपने ग्राम पंचायत में पंजीयन करा सकते हैं, और जिनके आवास अधूरे हैं, उन्हें स्थानीय आवास मित्रों की मदद से जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का पूरा लाभ उठाएं और सभी प्रक्रियाओं को सही तरीके से पूरा करें, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को इस योजना से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# तादुंला जलाशय से 1300 क्यूसेक पानी मांगा, आ रहा 900 क्यूसेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भीषण गर्मी की वजह से निस्तारी तालाबों में पानी नहीं है। सांसद विजय बघेल की पहल से तादुंला जलाशय से तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया है लेकिन यह पहुंच नहीं रहा। दुर्ग जिला प्रशासन ने बालोद के तादुंला जलाशय से 1300 क्यूसेक पानी दुर्ग जिले के लिए मांगी है लेकिन हाल यह है कि जलाशय में ही पानी की कमी है।

जिसकी वजह से महज 900 क्यूसेक पानी नहीं आ पा रहा है। यानी 400 क्यूसेक पानी की कमी की वजह से सभी माइनरों में ही पानी नहीं पहुंच पा रहा है। तादुंला जलाशय का पानी पाउवारा, कातरो, कोड़िया व उतई क्षेत्र तक ही पहुंच रहा है और पानी यही खत्म हो जा रहा है। जिसकी वजह से खम्हरिया माइनर से नेवई, मरोदा, रिसाली, रूआबांधा, दुर्ग, खपरी व जेवरासिरसा की तरफ पानी ही नहीं आ पा रहा है। मरोदा व टंकी मरोदा के छोटी लाइन नहर में पानी आया लेकिन केवल एक फीट पानी चल रहा था। वह भी अब बंद हो गया है। जिसकी वजह से तालाब सूखे हैं।

नवरात्र का पर्व शुरू हो गया है। नवरात्र पर ज्योत जंवारा का विसर्जन तालाबों में किया जाता है। तालाबों में पानी नहीं पहुंचने की वजह से विसर्जन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ेगी। बालोद के तांदुला जलाशय पर ही दुर्ग जिला पानी के लिए निर्भर है। जिला विभाजन के बाद यह जलाशय बालोद जिले में चला गया है।

## कथा: यज्ञ बेदी की परिक्रमा कर खुशहाली एवं जन कल्याण की प्रार्थना की

# महायज्ञ में शामिल हुए डिप्टी सीएम प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को ग्राम सूरजपुरा में आयोजित सतचंडी महायज्ञ में श्रद्धाभाव से भाग लिया। उन्होंने यज्ञ वेदी की परिक्रमा करते हुए श्रीफल अर्पित किया और प्रदेश की समृद्धि, सुख-शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने महाराज से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि सतचंडी महायज्ञ जैसे अनुष्ठान न केवल व्यक्तिगत बल्कि पूरे क्षेत्र के कल्याण के लिए होते हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है और आध्यात्मिक परंपराएं सुदृढ़ होती हैं।

ग्राम सूरजपुरा में आयोजित सतचंडी महायज्ञ में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे है और पूजन-अर्चन में भाग ले रहे है। वेदपाठी आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ की पावन आहुतियां समर्पित की गई जा रही है। आयोजकों ने बताया कि यह महायज्ञ 8 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।





### राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, किसानों की उन्नति, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यज्ञस्थल पर विशेष प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं श्रद्धालु उपस्थित थें, आयोजकों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का स्वागत किया और उनके आगमन को शुभ एवं प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर गणमान्य प्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थें।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्कृति और आध्यात्मिकता भारतीय समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन पावन परंपराओं को आत्मसात करें और आध्यात्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे विजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा प्रवास के दौरान ग्राम मदनपुर पहुंचे, जहां वे आयोजित श्रीमद् भागवत गीता महापुराण में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। धार्मिक आयोजन में भाग लेते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भक्ति और आध्यात्मिकता का अनुभव किया। उपमुख्यमंत्री ने संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का श्रवण किया और आयोजन समिति के सदस्यों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला पवित्र मार्गदर्शक है। यह धर्म, कर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए समिति और ग्रामवासियों को बधाई देते हुए इसे समाज में संस्कारों और सद्भाव को बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का आत्मीय स्वागत किया और उनसे अपने क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर संवाद किया। उनके आगमन से ग्राम में उत्साह और भक्ति का विशेष माहौल बना रहा।

## शुभांक शर्मा महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से हुए सम्मानित

**हरिभूमि पिपरिया।** जिला कबीरधाम मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नगर पंचायत पिपरिया निवासी शुभांक शर्मा ने पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन मध्य प्रदेश द्वारा संचालित आचार्य व्याकरण एमए क्लासिक्स की परीक्षा में विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक 94.42 प्रतिशत प्राप्त करने पर शुभांक शर्मा को महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश मंगु भाई पटेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं कुलपति द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। जिससे नगर पंचायत पिपरिया व आसपास क्षेत्र में भारी उत्सा का माहौल बना हुआ है। जिस पर परिवारजनों व ईष्ठ मित्र एवं नगरवासियों ने श्री शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



## मां महामाया मंदिर में 121 मनोकामना जोत जंवारा कलश प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भाति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व में मां महामाया मंदिर में आस्था के 121 मनोकामना जोत-ज्वारा-ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव मां महामाया मंदिर में पण्डा मनी निषाद ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व में मां महामाया मंदिर कोलेगांव में आस्था के 121 जोत ज्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। वहीं पण्डा द्वारा माता रानी की सुबह शाम सेवा व भव्य आरती में ग्रामीण व भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है। साथ ही साथ चैत्र नवरात्रि पर्व में ग्राम कोलेगांव निवासी महासिंह चौहान, भगत साहू, जनक राम साहू के निजी निवास पर जोत-ज्वारा-ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है, जिससे ग्राम कोलेगांव में भारी भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है।

## मां महामाया सेवा समिति का 117वां सफाई अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

परहित से बड़ा धर्म नही, स्वच्छता से बड़ा कर्म नही इस शास्त्र सम्मत सिद्धांत को परिभाषित करते हुए मां महामाया सेवा समिति, आरएसएस टीम, महिला समूह, नगर पालिका टीम तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा 117वां सप्ताह साफ-सफाई अभियान गुरुद्वारा, हनुमान मंदिर, बैरासीन मंदिर, मां शीतला मंदिर षरिषर तथा शहीद स्मारक में चलाया गया। जिसमे आरएसएस के सदस्यों जिसमें संतोष जैन, कल्याण सिंह ठाकुर, रितेश सिंह, रामकुमार यादव, आकाश ठाकुर साथ ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे ने शक्तिशाली और विशेष सहयोग प्रदान किया। संस्था प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी ने कहा यह अभियान 2 अक्टूबर 2017 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर अभी तक संचालित है जो नगर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का अलख जगाने तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वथ्य बनाने के लिए कृत्संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे है। इस दौरान संगीता हलवाई, विजया लक्ष्मी शर्मा, राधिका अहिरवार, किरण धूलिया, रानी यादव, धान निषाद साथ ही सीएमओ अभिषेक ठाकुर, नगर पालिका कर्मचारी टीम तथा मां महामाया सेवा समिति से सचिव अभिषेक शर्मा, अनुराग सिंह ठाकुर, श्याम चरण बंजारे, बालमुकुंद शेरा धावलकर, विजय बर्मन, मनमोहन साहू, मनेंद्र शांडिल्य, राजू सोनी, अथर्व सोनी, मोती शुक्ला, दयाल दास कुर्रे, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि जैकी भाई, नवल किशोर पांडेय तथा स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ रामकिशोर बैस व नगर के जागरूक प्रबुद्ध जन उपस्थित थें। जिस पर संतोष जैन ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद स्मारक को यह अभियान समर्पित कर आरएसएस की पूरी टीम के साथ हिंदू नववर्ष के साथ नवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित कर सर्वत्र स्वच्छता का संदेश दिया।





## आधी अधूरी दिवाल दुर्घटना को दे रही न्योता जिम्मेदार बेपरवाह

■ अनियमितता, कभी भी भर-भराकर गिर सकता है दिवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बरबसपुर संकुल भवन वर्षों पहले शासन प्रशासन द्वारा कराया गया था लेकिन विभागीय अधिकारिकयों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व अनिमितता के कारण संकुल भवन बरबसपुर अत्यंत जर्जर व बदहाल हो चुकी थी। जिसे पुनः निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदारों व ठेकेदारों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा जर्जर व बदहाल हो चुकी संकुल भवन की छत, खिड़की, दरवाजा व दिवाल की तोड़ा जा रहा है लेकिन जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण संकुल भवन को आधा-अधूरा तोड़ कर छोड़ दिया गया है। जिससे कभी भी छोटी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी के कारण आधा अधूरा दीवाल को तोड़कर छोड़ दिया गया है वहीं दिवाल अधर में लटक रहा है जो कभी भी आंधी-तूफान के चलते भर-भराकर गिर सकता है, जिससे भारी जन हानि होने की संभावना बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई ताकि छोटी बड़ी हादसा-दुर्घटना को रोका जा सकें।

## अवधेश नंदन ने प्रधानमंत्री कार्यक्रम का मंच संचालन किया



**हरिभूमि कवर्धा।** बिलासपुर जिलांतर्गत मोहभट्टा ग्राम में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के पूर्व मंच संचालन का दायित्व अवधेशनंदन श्रीवास्तव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सफल मंच संचालन के लिए आमंत्रित किए गए थे। उल्लेखनीय है कि सरकार गठन के बाद प्रथम बार प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ प्रवास हुआ था। जहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली से जैनेन्द्र कुमार, बिलासपुर से सौरभ सक्सेना और कबीरधाम से अवधेश नंदन श्रीवास्तव को मंच संचालन का उत्तरदायित्व दिया गया था। अवधेशनंदन श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व सभा का अत्यंत प्रभावशाली ढंग से संचालन किया तथा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिसे उपस्थित मंत्रियों, अधिकारियों ने सराहना की। इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग दो लाख प्रदेशवासी सम्मिलित हुए थे। इस कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वयं होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव से अवधेशनन्दन श्रीवास्तव के वक्तृत्व कौशल की प्रशंसा करते हुए परिचय कराया। जिसके लिए अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अवधेश नंदन श्रीवास्तव के सफल मंच संचालन की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने यह महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने के लिए बिलासपुर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कबीर सच्चे संत थे, अपने संदेशों से समाज सुधार का काम किया

# पिपरिया में एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन नगर पंचायत पिपरिया में संत कबीर के चिंतन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत ईश्वरी साहू मुख्य रूप में उपस्थित थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरिया नगर पंचायत अध्यक्ष घुरुवा राम साहू द्वारा की गई, कार्यक्रम के वक्ता दुर्ग से वरिष्ठ आलोचक जयप्रकाश, साहित्यकार व केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत प्राचार्य नंदन, साइंस कॉलेज रायपुर में हिंदी के सहायक प्राध्यापक भुवाल सिंग ठाकुर तथा कवर्धा से युवा कवि समीक्षक अजय चंद्रवंशी एवं वरिष्ठ साहित्यकार नीरज मनजीत उपस्थित थें, कार्यक्रम की शुरूआत कबीर की साखियों के गान के साथ किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष घुरुवा राम साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने कबीर दास का दोहा प्रस्तुत करते हुए उनके संदेश को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। वहीं जयप्रकाश ने अपने वक्तव्य में कबीर दास को अपना पुरखा बताते हुए उन्हें सांस्कृतिक आंदोलन का सूत्रधार बताया। उन्होंने कहा कि कबीर अनपढ़ होते हुए भी सभ्य शिक्षित और ज्ञानी थे। वे दीनहीन लोगों के लिए ताकत तो विधर्मियों के लिए विद्रोही थे। वे जीवन भर निर्भीक होकर मानवता के पक्ष में खड़े रहे। नंदन ने अपने वक्तव्य में कबीर दास के संत एवं समाज सुधारक रूप पर अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि कबीर सच्चे संत थे, उन्हें अपने समाज की चिंता थी इसलिए अपने संदेशों से समाज सुधार का काम किया। वे अपना संदेश दार्शनिक या कवि होने या ज्ञान बघारने के लिए नहीं देते थे। भुवाल सिंह ठाकुर ने अपने वक्तव्य में भक्ति आंदोलन में कबीर दास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कबीर के 600 वर्ष पूर्व देखे सपने पूरे नहीं होने पर गहरी चिंता एवं क्षोभ प्रकट किया। अजय चंद्रवंशी ने अपने वक्तव्य में कबीर को वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक बताते हुए कहा कि हमें कबीर साहित्य का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए। नीरज मनजीत ने अपने उद्बोधन में कबीर के दोहे का उल्लेख करते हुए सांप्रदायिक सद्भाव के लिए कबीर के संदेश को प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम का प्रवाहमय संचालन साहित्यकार पीजी कॉलेज कवर्धा के सहायक प्राध्यापक हिंदी नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने किया। कबीरा खड़ा बाजार में मंच के संयोजक शिक्षक भागवत साहू ने उपस्थित श्रोताओं अतिथियों तथा वक्ताओं को मंच का परिचय देते हुए उपस्थित श्रोताओं को कार्यक्रम का सार छत्तीसगढ़ी में बताते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार समय लाल विवेक, डॉ एमएल चंद्रवंशी, शिवचरण पटेल, दुर्गेश साहू, नरेश साहू, प्रेमलाल साहू, चित्रबाहु देवांगन, अनिल दानी, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, तुलाराम साहू, गोविंद साहू, तुकाराम साहू, संतोष पटेल, जगदीश साहू, दशरू साहू, शिवकुमार साहू व साथियों का सहयोग रहा साथ ही बड़ी संख्या में सुधि महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

## हिन्दू नववर्ष पर कलार समाज ने श्रद्धालुओं को पिलाया सरबत



**हरिभूमि कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में बड़े-बुजुर्गों के मार्गदर्शन में नगर के प्रसिद्ध मंदिर मां महामाया मंदिर के समीप विशाल हिंदू नववर्ष के उत्सव समिति एवं नगर में आए देवी-दर्शन करने वाले श्रद्धालाओं को मीठे सरबत वितरण किया। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से देर रात्रि तक आयोजित किया गया, जिसमे हजारों की संख्या में भक्तजनों ने शीतल पेय का आनन्द लिया साथ ही साथ सामाजिक समरता की व्यवस्था की सभी ने तारीफ किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से कवर्धा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बद्री जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, गुलाब जायसवाल, मदन जायसवाल, डॉ कोमल तिहारी, नागेश, पंकज, पवन जायसवाल, दीपक जायसवाल सहित कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## भगवान की कृपा का भी है कानून: सुश्री धामेश्वरी

**राजनांदगांव।** स्टेट हाई स्कूल मैदान में जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन उन्होंने ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि भगवान कृपा सभी के ऊपर करना चाहते हैं। किन्तु भगवान की कृपा का भी एक कानून है। उन्होने कहा कि वह कानून है कि जो भी शर्त पूरा करेगा वह उसी पर कृपा करेंगें और वह शर्त है शरणागति। शरणागति का सिद्धांत है उसे हर धर्म मानता है। लेकिन शरणागति का मतलब यह न समझे कि भगवान कोई मूल्य ले रहे हैं।

पेज 11 का शेष

### पूर्व विधायक छाबड़ा ने की ...

पेयजल एवं निस्तारी का जल संकट खड़ा हो सकता है। लेकिन, प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया, जिसका परिणाम है कि आज पेयजल को लेकर आम जनता परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल जनता ही परेशान है, बल्कि मवेशियों को भी पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।


HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### महामाया धाम बुचीपुर मंदिर में जगमगा रही 2041 ज्योति

**बेमेतरा।** हिंदू नववर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। इस पावन अवसर पर बेमेतरा जिले की धार्मिक पर्यटन स्थल श्री सिद्ध शक्ति पीठ माँ महामाया धाम बुचीपुर मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में वैदिक विधि-विधान के अनुसार भक्तों की मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं। माँ महामाया धाम बुचीपुर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। पहले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वर्तमान चैत्र नवरात्रि पर्व में तेल ज्योति 1886 घृत ज्योति 155 और कुल 2041 ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। महामाया समिति व क्षेत्रवासियों द्वारा प्रतिदिन जस गीत के माध्यम से माता सेवा की जा रही है। समिति द्वारा भक्तों के लिए पूरे पर्व प्रसादी और भण्डारा की व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रांगण में श्री मद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भी आयोजन किया गया है जिसने कथा व्यास राम कृष्ण शास्त्री जी महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार वर्मा ने बताया कि नवमीं के दिन सामूहिक विवाह का कार्यक्रम भी रखा गया है।




### ग्राम खपरी धोबी में संत गाडगे जयंती व सम्मान समारोह कल

**थान खमरिया।** ग्राम खपरी (धोबी) में 2 अप्रैल बुधवार संत गाडगे जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधान सभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक होंगे, अध्यक्षता विधायक ईश्वर साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ,पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया,सुरेश सिंघानिया, पुन्नी तोरण यादव होंगे। ग्राम सरपंच खपरी गिरधारी निर्मलकर ने बताया कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोकमंच तोर मया मोर माया का कार्यक्रम रखा गया है।



### मोबाइल पार करने वाले धरे गए, एक अपचारी भी

**भिलाई।** मोबाइल चोरी करने वाला एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि टाटा लाईन कोहका निवासी अजीजूल हसन पैदल कोहका जा रहा था। तभी बाइक सीजी 07 बीएक्स 2867 में दो व्यक्ति अचानक पहुंचे और मोबाईल को झपटा मारकर फरार हो गए। शिकायत के बाद दो अपचारी बालक पुलिस गिरफ्त में आए। मोबाईल की कीमत 5 हजार रुपए आंकी गई है।

---

**मांग : प्रदेशभर के पंचायत सचिव आज मंत्रालय घेराव की तैयारी में**

# 11वें दिन भी जारी रही पंचायत सचिवों की हड़ताल, अब कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल को 11 दिन हो गए हैं। अपनी मांगों को लेकर वे अभी भी हड़ताल पर हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों का कामकाज ठप हो गया है। इधर मनरेगा कर्मियों ने भी अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया था। हालांकि 26 मार्च से चल रहा उनका आंदोलन समाप्त हो गया और वे 29 मार्च को वापस लौट आए हैं। लेकिन, सचिव संघ डटा हुआ है।

कार्य पर वापस लौटने के शासन के निर्देश को विगत दिनों सचिवों ने आदेश की प्रतियां भी जला कर आग के हवाले कर दिया था। जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव अब भी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। 18 मार्च से जारी इस आंदोलन के कारण नाम पंचायतों के जनहित कार्य ठप हो गए हैं। संघ का कहना है कि, जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ऐसा बताया जा रहा है कि आज 1 अप्रैल को प्रदेशभर के पंचायत सचिव मंत्रालय का घेराव करेंगे।




**पंचायत सचिव की हड़ताल का कांग्रेस ने दिया समर्थन**

जिला मुख्यालय में चल रहे प्रदेश व्यापी ग्राम पंचायत सचिव संघ की हड़ताल के पंडाल में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी ने इस हड़ताल पर अपना समर्थन व्यक्त किया तथा सरकार से मांग की है कि ग्राम पंचायत सचिवों के लिए भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी नाम से वादा किया था उसे पूरा करें।

**भाजपा सरकार के कारण कर्मचारी हैं परेशान : छाबड़ाः** इस बीच सचिवों की हड़ताल को समर्थन देने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी पहुंचे। हड़तालरत पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार जब से सत्ता में आई है सभी शासकीय कर्मचारी इनके सरकार चलाने के तौर तरीके से परेशान है। भाजपा के लोग शासकीय कर्मचारियों के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए उनसे विधि विरूध कार्य करने के लिए मजबूर करते हैं। कर्मचारियों के हितों की अनदेखी भाजपा लगातार की जाती रही है। आज सत्ता में बैठे हुए भाजपा को डेढ़ वर्ष बीत चुका है, किंतु भाजपा को लोगों के साथ किए हुए चुनावी वादे याद नहीं हैं। जब बात सत्ता की आती है, तो यह मोदी की गारंटी देते हैं और जब सत्ता में काबिज हो जाते हैं, तो इन्हें किसी गारंटी की याद नहीं रहती। उन्होंने कहा कि आज सरकार के कारण कर्मचारी भी परेशान हैं।

विभिन्न अलग-अलग विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा समर्थन दिए जाने वाले दल में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़ हरीश साहू जनपद उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा जनपद सदस्य दीपक दिनकर शुभम गंधर्व बलॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लुकेश वर्मा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी मनोज शर्मा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

---

# नगर पंचायत बेरला की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

नगर पंचायत बेरला में एक ऐतिहासिक आमसभा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। पहली बार नगर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित कर इस सभा को और भी सार्थक बनाया गया।

इससे यह आयोजन नगर के आम नागरिकों का अधिकार को पूर्ण कर सभा में बैठने का अवसर मिला और इतिहास में एक नई मिसाल बन गई। इस बैठक में मुख्य बिंदुओं पर नगर की आधारभूत संरचना में सुधार, स्वच्छता एवं जल निकासी की व्यवस्था, सड़कों, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार, नगरवासियों के सुझावों के आधार पर नई विकास योजनाएँ पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विशाल राज देशलहरा नगर पंचायत अध्यक्ष बेरला ने कहा कि हम सबके सहयोग से बेरला को एक आदर्श नगर बनाना हमारा संकल्प है। यह बैठक जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे नगर की समस्याओं का समाधान तेज़ी से किया जा सकेगा। सभी ने नगर के समग्र विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। नगर पंचायत बेरला आगे भी नागरिकों की भागीदारी से नगर के विकास के लिए लगातार कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत बेरला सीएमओ लवकेश कुमार, नपं अध्यक्ष विशाल देशलहरा, पार्षद शिवझड़ी सिन्हा सहित पार्षदगण, अधिकारी गण एवं नगर के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

---

**कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष कल्पना भी हुईं शामिल**

# भालेसर, कंडरका और बेरला कला में हुआ मानस सम्मेलन, गूंजा राम का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम भालेसर, कंडरका और बेरलाकला में आयोजित दो दिवसीय अखंड मानस गान सम्मेलन एवं रामकथा कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अखंड रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर हम एक मजबूत, सशक्त और संस्कारित समाज की स्थापना कर सकते हैं। कार्यक्रम में बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रमुख लोगों में सरपंच रानी प्रेमलाल साहू, उपसरपंच अनुजराम, सीताराम वर्मा, भीम साहू, देवेंद्र साहू (बोरसी), अशोक पांडेय (पूर्व सरपंच), दीपक निषाद (भालेसर), मनोज चक्रधारी, खिलेश्वर साहू, प्रेमलाल साहू, टीडी मानिकपुरी, महेंद्र वर्मा, डेसू यादव, सतीश वर्मा, अंशु परगनिहा सहित सैकड़ों ग्रामीणों की भागीदारी रही।



**उमड़ा जनसैलाब**

इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और रामधुन व मानस पाठ का आनंद लिया। आयोजन के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहा। कल्पना योगेश तिवारी ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी हैं।

---

# आनंदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना-हर घर पक्का मकान के अंतर्गत बने नए मकानों का गृह प्रवेश कार्यक्रम हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर बेरला ब्लॉक के ग्राम आनंदगाँव में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लाभार्थियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा एक पत्र एवं एक छोटा सा उपहार भेंट किया गया।

गृह प्रवेश कार्यक्रम में सैकड़ों हितग्राहियों ने भाग लिया और अपने नए घर में प्रवेश किया। इस दौरान लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यह पहल ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबों के लिए पक्के मकान उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।



प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर पाने वाले लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके सपनों को साकार करने का माध्यम बनी है और अब वे अपने परिवार के साथ एक पक्के एवं सुरक्षित घर में रह सकेंगे। यह कार्यक्रम समाज में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आनंदगांव सरपंच चंदन नायक, उपसरपंच तिलोसमा धीवर, जनपद सदस्य सरोज यादव, जनपद पंचायत बेरला सीईओ शिशिर शर्मा के साथ प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

# गणगौर पर्व का हुआ समापन, 16 दिन पूजन के बाद महिलाओं ने किया विसर्जन



**थान खम्हरिया।** होलिका दहन के बाद शुरू हुआ गणगौर पर्व का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। मिट्टी के कुडेरा में माटी से बनाए गौरा और गणगौर की आज भी प्रतिदिन की तरह पूजा अर्चना की। नव विवाहित महिलाओं ने जहां पति की लंबी उम्र की कामना की, वहीं अविवाहित युवतियों ने सुयोग्य वर की कामना को लेकर व्रत रखा। वहीं, गणगौर को खीर, पूरी, चूरमा, आदि का भोग लगाया। दोपहर के बाद महिलाओं बैंड, बाजे, धमाल के साथ नाचते व गीत गाते हुए, नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के पश्चात पूजा अर्चना और कहानी सुनाने के बाद गणगौर का तालाब में विसर्जन किया गया। गणगौर भ्रमण के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणगौर पूजा में भगवान शिव, माता पार्वती के भगवान गणेश जी व उनकी पुत्री देवसेना को पंचदेव के रूप में पूजा की जाती है। यह पर्व महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा और परिवार की मंगल कामना को लेकर करती है।

---

**यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए चलाया जा रहा है अभियान**

# पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान 68 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर बेमेतरा पुलिस ने सख्ती दिखाई। पुलिस द्वारा 68 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर 23,400 रुपये समन शुल्क वसूला गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के साथ ही बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। बिना हेलमेट वाहन न चलाएं। मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं। तेज गति से वाहन चलाने से बचें। मोटर साइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर न लगाएं। नाबालिग बच्चों को वाहन न सौंपें। बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलाएं। मोबाइल का उपयोग कर वाहन न चलाएं। सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें।



**इन थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई**

थाना बेमेतरा – 12 चालान, 12 व्यक्ति, थाना नवागढ़ – 06 चालान, 06 व्यक्ति, थाना दाढ़ी – 02 चालान, 02 व्यक्ति, थाना परपोड़ी – 11 चालान, 11 व्यक्ति, थाना बेरला – 03 चालान, 03 व्यक्ति, चौकी खंडसरा – 05 चालान, 05 व्यक्ति, चौकी कंडरका – 04 चालान, 04 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा – 04 चालान, 04 व्यक्ति, चौकी संबलपुर – 04 चालान, 04 व्यक्ति, यातायात पुलिस – 15 चालान, 15 व्यक्ति।

---

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में परीक्षा परिणाम घोषित




**बेमेतरा/दाढ़ी।** सीबीएसई एफिलेटेड स्कूल जांता में कक्षा तीसरी से कक्षा आठवीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय में इस मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि दाढ़ी नगर पंचायत अध्यक्ष सुरजकुमार साहू थे। वहीं, प्रमोद वर्मा जनपद पंचायत सदस्य दाढ़ी, पार्षद महेंद्र कुमार जायसवाल, अर्पित गुप्ता, सरपंच सूखाताल रविन्द्र चंद्राकर एवं डॉ रामकुमार निर्मलकर विशेष रूप से उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालय के साथ-साथ माता-पिता का भी नाम ऊंचा करते हुए हम सबको गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित जैसे ही घोषित हुए सभी छात्रों की चेहरे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों की टॉप 10 मेरिट लिस्ट के छात्र-छात्राओं को स्टार ऑफ ईयर सम्मान से सम्मानित करते हुए उनके फोटो को प्रदर्शनी में लगाई गई। सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, मैडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक ललित देवांगन, अखिलेश पटेल, अनिल चन्द्रवंशी, कैलाश सिंह, गोविंद साहू, राजा तन्तुवेय, निशु गुप्ता, नम्रता चतुर्वेदी, छोटू राम साहू, आयुषी जैन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

**आत्मनिर्भर महिला, सशक्त भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

# वत्सला फाउंडेशन ने 50 महिलाओं को नि:शुल्क प्रदान की सिलाई मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सोमवार को वत्सला फाउंडेशन द्वारा आत्मनिर्भर महिला, सशक्त भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गईं, जिससे वे स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, थान खमरिया अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल एवं एडिशनल डायरेक्टर एमके राठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं को अपने कर कमलों से सिलाई मशीन एवं अन्य आवश्यक संसाधन प्रदान किए। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल के अंतर्गत वत्सला फाउंडेशन भारत सरकार के सहयोग से महिलाओं को विभिन्न हस्तकला व कौशल विकास की शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराता है। इसी क्रम में, आज 18 वर्ष से अधिक उम्र की 50 महिलाओं और बालिकाओं को निःशुल्क उत्कृष्ट सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। फाउंडेशन की चेयरपर्सन ने कहा कि संस्था समाजसेवा के इस कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और संस्था के इस प्रयास की सराहना की।




**आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर रही हैं महिलाएं : सिन्हा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दौर महिला सशक्तिकरण और महिला उद्यमिता का है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर रही हैं। वत्सला फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है जो महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने में मदद कर रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)

राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411